# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-30.08.2023**

## दहेज हत्या के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त बृजेश गिरी उर्फ विपुल गिरी थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार

----------------------------------------------------------------------

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध/अपराधियों की रोकथाम व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-475/2023 धारा 498-A/304-B/313 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट थाना चौबेपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बृजेश गिरी उर्फ विपुल गिरी पुत्र चन्द्रशेखर गिरी निवासी बभनपुरा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-30.08.2023 को समय करीब 10.00 बजे बभनपुरा चौराहा से गिरफ्तार किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>**

बृजेश गिरी उर्फ विपुल गिरी पुत्र चन्द्रशेखर गिरी निवासी बभनपुरा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 28 वर्ष।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-</u>**

1.उ0नि0 देवराज सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2.हे0का0 उमेश यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3.का0 जितेन्द्र यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**

